भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 273**
**5 दिसंबर, 2023 को उत्तरार्थ**

**विषय: कृषि मजदूरों तथा दिहाड़ी मजदूरों द्वारा आत्महत्या**

273. **श्रीमती पूनम महाजन**
**श्री जी.एम. सिद्देश्वर**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में दिहाड़ी मजदूरों और कृषि श्रमिकों द्वारा प्रतिदिन आत्महत्या के मामलों की संख्या कितनी है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसी आत्महत्याओं की वर्ष-वार संख्या कितनी है;
(ग) देश में कृषि श्रमिकों और दिहाड़ी मजदूरों की दैनिक आय का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और उक्त अवधि के दौरान उनकी मजदूरी में हुई वृद्धि का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार द्वारा उनकी आय बढ़ाने के लिए कोई योजना लागू की गई है; और
(ङ) यदि हां, तो इस योजना के अंतर्गत उनकी मजदूरी में की गई वृद्धि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और उक्त योजनाओं के दायरे में आने वाले श्रमिक वर्ग का प्रतिशत कितना है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) से (ख): कृषि के राज्य का विषय होने के नाते, राज्य सरकार, किसानों/कृषि श्रमिकों के आत्महत्या संबंधी आंकड़ों का रख-रखाव करती है। गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) 'भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्याएं' (एडीएसआई) शीर्षक से अपने प्रकाशन में आत्महत्याओं पर सूचनाओं का संकलन और प्रसारण करता है। रिपोर्ट को इसकी वेबसाईट https://ncrb.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ग) से (ङ) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित नीवनतम प्रकाशन भारत में कृषि मजदूरी: 2021-22 के अनुसार, कृषि वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक कृषि श्रमिकों और गैर-कृषि श्रमिकों के लिए प्रचलित औसत दैनिक मजदूरी की दरें अनुबंध-। में दी गई हैं। वर्ष 2017-18 की तुलना में 2021-22 में अखिल भारतीय स्तर पर कृषि श्रमिकों, पुरुष और महिला के लिए मजदूरी की दरों में क्रमश: 23.8% और 31.6% की वृद्धि हुई है।

कृषि राज्य का विषय है। तथापि, भारत सरकार उपयुक्त नीतिगत उपायों और बजटीय सहायता तथा विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों के प्रयासों की प्रतिपूर्ति करती है। भारत सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाएं, कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

i. पीएम किसान के माध्यम से किसानों को आय सहायता
ii. न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुना के स्तर पर निर्धारित करना
iii. देश में जैविक खेती को प्रोत्साहन
iv. पर ड्रॉप मोर क्रॉप
v. सूक्ष्म सिंचाई निधि
vi. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का विकास
vii. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)

viii. कृषि मशीनीकरण
ix. किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना
x. राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-एनएएम) विस्तार प्लेटफार्म का गठन
xi. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन – ऑयल पॉम का शुभारंभ
xii. कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ)
xiii. फार्म उत्पाद लॉजिस्टिक्स में सुधार, किसान रेल का शुभारंभ
xiv. एमआईडीएच – क्लस्टर विकास कार्यक्रम
xv. कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र में स्टार्टअप ईको-सिस्टम का सृजन
xvi. कृषि तथा संबद्ध कृषि-उत्पादों के निर्यात में उपलब्धता

महात्मा गांधी एनआरईजीएस ग्रामीण क्षेत्र में कृषि श्रमिकों के परिवार सहित परिवार के प्रत्येक वयस्क सदस्य के लिए लागू है, जो मांग के अनुसार महात्मा गांधी एनआरईजीएस के तहत काम करने के इच्छुक हैं। योजना के तहत 266 अनुमेय कार्यों में से कुल 150 कार्य कृषि और संबद्ध क्षेत्र का समर्थन कर रहे हैं और कई कार्य व्यक्तिगत लाभार्थी (कृषि श्रमिक सहित) के लिए उपलब्ध हैं। कृषि श्रमिक परिवारों को उनकी आय में सतत वृद्धि के लिए उनकी पात्रता के अनुसार व्यक्तिगत श्रेणी से संबंधित कार्य प्रदान किए जा रहे हैं।

**अनुबंध-I**

दिनांक 05/12/2023 को देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 273 के भाग (ग से ङ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध

कृषि वर्ष 2017-18 से 2021-22 से कृषि श्रमिकों और गैर-कृषि मजदूरी के लिए प्रचलित औसत दैनिक मजदूरी की दरें

(मूल्य रूपए में)

| क्र. सं.. | राज्य | 2017-18 | | | 2018-19 | | | 2019-20 | | | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2017-18 की तुलना में 2021-22 में वास्तविक वृद्धि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एफ.एल | | एन.ए.एल | एफ.एल | | एन.ए.एल | एफ.एल | | एन.ए.एल | एफ.एल | | एन.ए.एल | एफ.एल | | एन.ए.एल | एफ.एल | | एन.ए.एल |
| | | एम | एफ | एम | एम | एफ | एम | एम | एफ | एम | एम | एफ | एम | एम | एफ | एम | एम | एफ | एम |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 332 | 240 | 326 | 362 | 257 | 346 | 381 | 272 | 382 | 441 | 312 | 416 | 479 | 345 | 506 | 147 | 105 | 180 |
| 2 | असम | 275 | 232 | 320 | 291 | 235 | 344 | 318 | 252 | 369 | 321 | 258 | 401 | 357 | 301 | 465 | 82 | 69 | 145 |
| 3 | बिहार | 248 | 227 | 405 | 269 | 243 | 436 | 297 | 264 | 466 | 316 | 284 | 482 | 340 | 305 | 511 | 92 | 78 | 106 |
| 4 | छत्तीसगढ | 201 | 137 | 282 | 217 | 153 | 304 | 234 | 169 | 307 | 246 | 172 | 328 | 260 | 188 | 375 | 59 | 51 | 93 |
| 5 | गुजरात | 219 | 196 | 371 | 228 | 203 | 383 | 251 | 228 | 388 | 263 | 247 | 502 | 272 | 249 | 499 | 53 | 53 | 128 |
| 6 | हरयाणा | 416 | 349 | 532 | 440 | 373 | 562 | 453 | 385 | 575 | 473 | 399 | 598 | 512 | 439 | 684 | 96 | 90 | 152 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 300 | 279 | 428 | 322 | 300 | 455 | 338 | 312 | 476 | 354 | 323 | 496 | 378 | 378 | 532 | 78 | 99 | 104 |
| 8 | झारखंड | 254 | 249 | 346 | 256 | 230 | 350 | 258 | 239 | 371 | 254 | 239 | 365 | 278 | 250 | 417 | 24 | 1 | 71 |
| 9 | कर्नाटक | 354 | 318 | 379 | 384 | 357 | 406 | 366 | 336 | 385 | 357 | 256 | 448 | 374 | 270 | 492 | 20 | -48 | 113 |
| 10 | केरल | 623 | 488 | 845 | 673 | 506 | 862 | 701 | 525 | 896 | 789 | 537 | 929 | 835 | 580 | 963 | 212 | 92 | 118 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 247 | 211 | 329 | 250 | 214 | 341 | 265 | 226 | 359 | 283 | 238 | 386 | 302 | 252 | 460 | 55 | 41 | 131 |
| 12 | महाराष्ट्र | 266 | 133 | 200 | 286 | 214 | 327 | 331 | 225 | 393 | 315 | 231 | 380 | 399 | 259 | 474 | 133 | 126 | 274 |
| 13 | ओडिशा | 270 | 227 | 390 | 280 | 239 | 412 | 307 | 257 | 434 | 333 | 281 | 456 | 358 | 297 | 539 | 88 | 70 | 149 |
| 14 | पंजाब | 403 | - | 485 | 412 | 342 | 490 | 425 | 349 | 508 | 434 | 360 | 521 | 458 | 405 | 569 | 55 | - | 84 |
| 15 | राजस्थान | 334 | 270 | 429 | 357 | 303 | 449 | 368 | 303 | 457 | 374 | 301 | 461 | 395 | 323 | 523 | 61 | 53 | 94 |
| 16 | तमिलनाडु | 347 | 168 | 418 | 372 | 180 | 441 | 392 | 195 | 501 | 441 | 208 | 552 | 628 | 312 | 817 | 281 | 144 | 399 |
| 17 | तेलंगाना | 334 | 216 | 352 | 336 | 237 | 359 | 394 | 276 | 403 | 418 | 293 | 411 | 441 | 312 | 436 | 107 | 96 | 84 |
| 18 | त्रिपुरा | 317 | 255 | 329 | 312 | 251 | 324 | 300 | 244 | 321 | 285 | 239 | 295 | 323 | 268 | 338 | 6 | 13 | 9 |
| 19 | उतार प्रदेश | 241 | 223 | 419 | 260 | 237 | 448 | 269 | 248 | 471 | 283 | 262 | 491 | 307 | 289 | 536 | 66 | 66 | 117 |
| 20 | उत्तराखंड | 356 | 245 | 510 | 354 | 277 | 552 | 373 | 309 | 578 | 415 | 321 | 616 | 444 | 357 | 659 | 88 | 112 | 149 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 274 | 235 | 337 | 278 | 237 | 366 | 304 | 256 | 358 | 323 | 270 | - | 336 | 282 | 459 | 62 | 47 | 122 |
| अखिल भारत औसत | | **294** | **231** | **384** | **306** | **249** | **408** | **325** | **265** | **429** | **342** | **282** | **457** | **364** | **304** | **535** | **70** | **73** | **151** |

स्रोत: राज्य सरकार

एफ.एल.- कृषि श्रमिक, एन.ए.एल.- गैर-कृषि मजदूर

*****